राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

बिहार लोक भवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या–75/2026

ज्ञान ही किसी व्यक्ति के व्यक्तित्व का सबसे महत्वपूर्ण आधार है–राज्यपाल

पटना 11 मई, 2026 :– ''ज्ञान ही किसी व्यक्ति के व्यक्तित्व का सबसे महत्वपूर्ण आधार है और वह उसे गहराई, परिपक्वता और स्थायी सम्मान प्रदान करता है। बाहरी आकर्षण, आत्मविश्वास और शारीरिक क्षमता तभी सार्थक होती है, जब उसके साथ व्यापक ज्ञान, निरंतर अध्ययन और सीखने की प्रवृत्ति जुड़ी हो।'' –यह बातें माननीय राज्यपाल–सह–कुलाधिपति लेफ्टिनेंट जनरल सय्यद अता हसनैन (सेवानिवृत्त) ने मगध महिला कॉलेज, पटना के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम 'उड़ान' के अवसर पर कही। उन्होंने विद्यार्थियों को नियमित रूप से समाचार–पत्र पढ़ने, समसामयिक विषयों से जुड़े रहने तथा अपने विचारों को लेखन एवं संवाद के माध्यम से समाज के समक्ष रखने के लिए प्रेरित किया।

राज्यपाल ने पदक और पुरस्कार प्राप्त करने वाली छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि जीवन में पुरस्कार और सम्मान महत्वपूर्ण होते हैं, किन्तु जिन्हें आज पुरस्कार नहीं मिला है, उन्हें निराश होने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने छात्राओं से कहा कि वे निरंतर परिश्रम करें, स्वयं को अनुशासित रखें और परिणाम की चिंता किए बिना अपना सर्वश्रेष्ठ देने का प्रयास करें।

उन्होंने जीवन में हास्यबोध के महत्व पर बल देते हुए कहा कि जो व्यक्ति स्वयं पर हँसना सीख लेता है, वही प्रभावी नेतृत्व कर सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों से सकारात्मकता, सहजता और मानवीय संबंधों को बनाए रखने का आह्वान किया। साथ ही, उन्होंने एलुमनाई नेटवर्क की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अच्छे संस्थानों से प्राप्त संबंध जीवनभर सहयोग और प्रेरणा का स्रोत बने रहते हैं।

राज्यपाल ने महिलाओं की भूमिका पर चर्चा करते हुए कहा कि आज वे राजनीति, प्रशासन, सेना, अनुसंधान, विज्ञान, वित्त, उद्योग और उद्यमिता सहित प्रत्येक क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दे रही हैं। उन्होंने भारतीय सेना में महिलाओं की नेतृत्वकारी भूमिका का समर्थन करते हुए कहा कि अनेक महिला अधिकारी सीमावर्ती क्षेत्रों में पुरुष अधिकारियों के समान उत्कृष्ट कार्य कर रही हैं। उन्होंने नौसेना की 'नाविका सागर परिक्रमा' अभियान का उल्लेख करते हुए महिला अधिकारियों के साहस और क्षमता की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि छात्राएँ अपने सपनों और महत्वाकांक्षाओं को सीमित न करें। उनमें में से कोई भविष्य में नोबेल पुरस्कार विजेता, सैन्य कमांडर, वैज्ञानिक, राज्यपाल, राष्ट्रपति या प्रधानमंत्री भी बन सकती है। उन्होंने कहा कि सफलता का आधार क्षमता, परिश्रम, अवसर और आत्मविश्वास है।

आगे पृष्ठ...2 पर

कार्यक्रम को पटना विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो० अजय कुमार सिंह ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर मगध महिला कॉलेज के प्राचार्य प्रो० नागेन्द्र प्रसाद वर्मा, बर्सर, प्रो० विनय कुमार विमल, आई०क्यू०ए०सी० की समन्वयक प्रो० पुष्पलता कुमारी, पटना विश्वविद्यालय के पदाधिकारीगण व विभिन्न महाविद्यालयों के प्राचार्यगण, महिला महिला कॉलेज के शिक्षकगण, छात्राएँ एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

....